# श्री परिमल राय

अध्यक्ष

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद्

द्वारा दिया गया

# बजट भाषण

# BUDGET SPEECH

BY

## SHRI PARIMAL RAI

CHAIRMAN

## NEW DELHI MUNICIPAL COUNCIL

दिनांकः 11 मार्च, 2011

**DATED: 11th March, 2011**

# बजट भाषण

**परिषद् के माननीय सदस्यगण,**

आपके समक्ष वर्ष 2011-12 का बजट प्रस्तुत करते हुए मैं उपलब्धियों की अनुभूति के साथ पिछले वर्ष पर दृष्टिपात कर रहा हूँ। न.दि.न.पा.परिषद् की राष्ट्रमण्डल खेल-2010 के आयोजन से संबंधित परियोजनाएं काफी बाधाओं के बावजूद संतोषजनक ढंग से पूर्ण हुई थी। राष्ट्रमण्डल खेल गाँव को तैयार करने के लिये हमारे योगदान की भी प्रशंसा की गई थी। मैं पुनः एक बार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मुबारकबाद देने के साथ-साथ सभी सहभागियों को धन्यवाद देता हूँ।

भविष्य में इन परिसम्पत्तियों का रखरखाव एवं इन का अनुकूलतम उपयोग हमारे समक्ष मुख्य चुनौतियाँ होंगी। इस संबंध में एक उपयुक्त आदर्श विकसित किये जाने की आवश्यकता है।

मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इस वर्ष बजट प्रस्तुतीकरण की व्यवस्था को राष्ट्रीय नगरपालिका लेखा नियमावली का अनुपालन किये जाने हेतु संशोधित किया गया है।

मैं सबसे पहले वित्तीय योजनाएं प्रस्तुत करूँगा। बजट अनुमान वर्ष 2010-11 के लिये ₹ 1757.36 करोड़ की तुलना में संशोधित अनुमान 2010-11 में ₹ 1918.70 करोड़ की राजस्व आय प्रस्तुत की गई है। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में ₹ 1401.35 करोड़ की तुलना में वर्ष 2010-11 के संशोधित अनुमान में ₹ 1623.46 करोड़ का राजस्व व्यय प्रस्तुत किया गया है।

वर्ष 2011-12 के अनुमानों में ₹ 1659.80 करोड़ की राजस्व आय एवं ₹ 1455.55 करोड़ का राजस्व व्यय अनुमानित है।

व्यय पक्ष में एक आँकने योग्य तथ्य उच्च पूँजीगत व्यय का सतत् रूझान है जो वर्ष 2010-11 के संशोधित अनुमान में ₹ 837.48 करोड़ एवं वर्ष 2011-12 के बजट अनुमान में ₹ 701.74 करोड़ प्रस्तावित हैं। यह परिसम्पत्तियों के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाएगा, जिससे नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् को दोनों तरफ से नागरिक सुविधाएं तथा लम्बी अवधि में प्राप्तियों की वृद्धि का लाभ होगा।

# BUDGET SPEECH

*Members of the Council,*

As I present the budget for the year 2011-12 before you I look back at the year gone by with a sense of accomplishment. Despite many hurdles, NDMC projects related to the organizing of the Common Wealth Games 2010 were completed in a satisfactory manner. We were also praised for our contribution to making the Common Wealth Games Village ready. I once again congratulate all the officers and staff and thank all the stakeholders.

Looking forward, the main challenge will be to maintain these assets and ensure optimum use. A suitable model needs to be developed in this regard.

I am happy to inform that the format of presentation of this year's budget has been modified to be compliant with the National Municipal Accounting Manual.

I will present the financial projections first. The revenue receipts in RE 2010-11 is projected at ₹ 1918.70 crores against the BE 2010-11 of ₹ 1757.36 crores. The revenue expenditure in RE 2010-11 is projected at ₹ 1623.46 crores as against the BE 2010-11 of ₹ 1401.35 crores.

In the estimates of 2011-12 the revenue receipts is estimated at ₹ 1659.80 crores and revenue expenditure at ₹ 1455.55 crores.

An appreciable fact on the expenditure side is the continuing trend of high capital expenditure, which is projected at ₹ 837.48 crores in RE 2010-11 and ₹ 701.74 crores in BE 2011-12. This will lead to asset creation which will be beneficial to NDMC both in terms of civic infrastructure and increasing receipts in the long term.

वित्तीय सुधारों के एक कदम के रूप में हम पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के लिये अपेक्षित निधि के आकलन हेतु बीमांकन सर्वेक्षण कराये जाने के इच्छुक हैं। यह छठे केन्द्रीय वेतन आयोग की पद्धति पर अनुशंसाओं के कार्यान्वयन के कारण अनिवार्य हो गया है। हम निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन भी करेंगे।

मैं अब वर्ष 2010-11 की उपलब्धियों एवं वर्ष 2011-12 की योजनाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन करूँगा।

**<u>राष्ट्रमण्डल खेल-2010 तथा उसकी देन</u>**

न.दि.न.पा.परिषद् ने राष्ट्रमण्डल खेल-2010 के लिये काफी संख्या में सरंचनात्मक उन्नयन के कार्य आरम्भ किये। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इनमें से अधिकतर परियोजनाएं समय पर पूर्ण कर ली गई थीं तथा उनकी गुणवता, उपयोगिता एवं सौन्दर्यात्मक रूप की प्रशंसा की गई थी।

तालकटोरा इण्डोर स्टेडियम ने अत्यन्त लोकप्रिय बॉक्सिंग प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक मेजबानी की। राष्ट्रमण्डल खेलों के पश्चात् इसका उपयोग खेल एवं सामाजिक सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में किया जा रहा है तथा इसके प्रयोग हेतु विभिन्न क्षेत्रों से काफी प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। हम भविष्य में खेलों की विरासत को आगे बढ़ाने के दृष्टिगत तालकटोरा इण्डोर स्टेडियम में बॉक्सिंग का एक प्रशिक्षण केन्द्र आरम्भ करना चाहते हैं।

81 मुख्य सड़कों पर पथ-प्रकाश व्यवस्था के उन्नयन सहित सरोजिनी नगर, मदर टेरेसा क्रिसेंट एवं पार्क स्ट्रीट पर फुटओवर ब्रिज, सफदरजंग हवाई अड्डे पर पार्क एवं सवारी सुविधाएं, सभी मुख्य मार्गों पर सड़क संकेतक, फुटपाथों का उन्नयन एवं सड़कों का सौन्दर्यीकरण जैसे अन्य मुख्य कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किये गये । इन परिसम्पत्तियों ने नई दिल्ली क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को उच्चतर स्तर के साथ-साथ तुलनात्मक रूप में सबसे बेहतर बनाने का कार्य किया है।

न.दि.न.पा.परिषद् ने राष्ट्रमण्डल खेल की एक विरासत के रूप में अपने क्षेत्र में आदर्श खेल के मैदान के रूप में 78 खेल के मैदान विकसित करने की एक परियोजना आरम्भ की है, जिसका उपयोग परिषद् क्षेत्र की विभिन्न कालोनियों में बच्चों द्वारा किया जाएगा। भारत सरकार का खेल एवं युवा कार्यकलाप मंत्रालय इस परियोजना के लिये न.दि.न.पा.परिषद् को प्रोत्साहित कर रहा है।

As part of financial reforms we intend to get the actuarial survey done to assess the fund requirement for pension and other retirement benefits. This has become necessary due to the implementation of recommendations on the lines of Sixth Central Pay Commission. We will also do the valuation of our assets as per the prescribed guidelines.

I will now dwell upon the achievements during the year 2010-11 and the projections for the year 2011-12.

## COMMONWEALTH GAMES 2010 & ITS LEGACY

NDMC had undertaken a number of infrastructure upgradation works for the Commonwealth Games-2010. I am happy to announce that most of these projects were completed on time and have been very well appreciated in terms of their quality, usability and aesthetics.

The Talkatora Indoor stadium successfully hosted the very popular boxing competition. Post the commonwealth games the property is being used as a sports and socio cultural centre and has received a huge response from various quarters in terms of its usage. We intend to start a boxing training centre at Talkatora to carry forward the legacy of the games.

Other major works like upgradation of streetlight on 81 major roads, construction of foot over bridge at Sarojini Nagar, Mother Teressa Crescent & Park Street, Park & ride facility at Safdarjung Airport, Road signages on all major road corridors, upgradation of footpaths and streetscaping of roads were successfully completed. These assets have taken the civic infrastructure in the New Delhi area to a much higher level and is now comparable to the best.

As part of the Commonwealth Games Legacy, NDMC has launched a project for developing seventy eight playfields in its area as model playfields which will be utilized by the children in the various colonies of NDMC area. The Ministry of Sports & Youth Affairs, Govt. of India is supporting NDMC in this project.

**संरचनात्मक उन्नयन-भावी योजना**

न.दि.न.पा.परिषद् ने अब विभिन्न आवासीय कालोनियों में चरणबद्ध तरीके से कंक्रीट की सड़कें बिछाने की एक मुख्य परियोजना आरम्भ की है। यह कार्य मोती बाग, नेताजी नगर में प्रगति पर है तथा इसके वर्ष 2011-12 के दौरान पूर्ण हो जाने की संभावना है। डी.आई.ज़ेड की कालोनियों, पश्चिम किदवई नगर एवं सरोजिनी नगर का कार्य आगामी वित्तीय वर्ष में आरम्भ किया जाएगा। हम मंदिर मार्ग एवं शाहजहाँ रोड पर दो नये पैदल पारपथों के निर्माण की भी आशा कर रहे हैं। बाबा खड़ग सिंह मार्ग एवं सरोजिनी नगर में बहुतलीय कार पार्किंग सुविधा के जून, 2011 तक आरम्भ हो जाने की संभावना है। शिवाजी स्टेडियम का निर्माण कार्य जून, 2011 तक पूर्ण हो जायेगा ।

**कनॉट प्लेस पुनर्विकास परियोजना**

राष्ट्रमण्डल खेलों के लिये कनॉट प्लेस का नया स्वरूप समय पर पूर्ण हो गया था। कुछ छुट-पुट कार्यों के अतिरिक्त बाह्य स्वरूप के पुनरूद्धार एवं धरातल के पुनर्विकास का कार्य पूर्ण हो चुका है। पाँच वर्तमान पैदल पार-पथों का भी उन्नयन किया गया है। अब सेवा कार्यों का उन्नयन किया जाना है। सेवा प्रदाता गलियारा अर्थात उपयोगी नलिका इस परियोजना का अत्यन्त विलक्षण एवं चुनौतीपूर्ण हिस्सा है। देश में किसी भी नगरपालिका ने आज तक सेवाओं के ऐसे वृह्द पुनःस्थापन का प्रयास नहीं किया है। इस उपयोगी नलिका प्रणाली के एक बार तैयार हो जाने से विद्युत, तार संचार, अग्निशमन, जलापूर्ति जैसी सभी भूमिगत सेवाओं को एक ही स्थान पर सुनियोजित ढंग से आयोजित किया जा सकेगा। हमें मार्च, 2012 तक सेवा प्रदाता गलियारे के निर्माण कार्य पूर्ण होने की आशा है। वर्ष 2011-12 के दौरान चार नये पैदल पार-पथों के निर्माण कार्य को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

**विद्युत**

परिषद् द्वारा वर्ष 2008-09 के दौरान आरम्भ किये गये विद्युत संरचनात्मक उन्नयन की महत्वाकांक्षी परियोजना ने परिणाम देना आरम्भ कर दिया है। जैसाकि आप जानते हैं, इस परियोजना का उद्देश्य न.दि.न.पा.परिषद् क्षेत्र में उप-पारेषण एवं वितरण दोनों स्तरों पर विद्युत वितरण प्रणाली को सशक्त रूप में स्थापित करना था। बी.डी. मार्ग, बापूधाम एवं स्टेट गेस्ट हाउस में 66केवी के तीन नये

## INFRASTRUCTURE UPGRADATION- THE WAY FORWARD

NDMC has now taken up a major project of laying concrete roads in the various residential colonies in a phased manner. The work in Moti Bagh, Netaji Nagar is in progress and is likely to be completed during 2011-12. Colonies in DIZ area, West Kidwai Nagar & Sarojini Nagar will be taken up in the next financial year. We also expect to construct two new subways at Mandir Marg & Shahjahan Road. The multilevel car parking facility at, Baba Kharak Singh Marg and Sarojini Nagar is likely to be commissioned by June, 2011. Shivaji Stadium would be completed in all respects by June 2011.

## CONNAUGHT PLACE REDEVELOPMENT PROJECT

The new look Connaught place was unveiled to the city well in time for the commonwealth games. Barring a few small stretches, the facade restoration and surface redevelopment works are over. The five existing subways have also been upgraded. The next step is the service upgradation. The service corridor or the utility duct is the most unique and challenging part of the project. No municipality in the country has ever attempted such a massive realignment of services. Once ready this utility duct will house all the underground services like electricity, telecommunication, fire, water supply in an organized manner. We expect to complete the construction of service corridor by March, 2012. Construction of 4 new subways is also targeted to be completed during 2011-12.

## ELECTRICITY

The ambitious project of electricity infrastructure upgradation that was launched by the Council during 2008-09 has started fructifying. As you all know the objective of the project is to set in place a robust electricity distribution system in NDMC area both at the sub-transmission and at the

सब-स्टेशन तथा राजा बाजार में 33केवी का एक सब-स्टेशन आरम्भ किया गया है। संयुक्त रूप से उन्होंने प्रणाली में 250 एम.वी.ए. की ट्रांसफार्मर क्षमता को जोड़ा है। कालोनी स्तर पर वितरण क्षमता के संवर्धन हेतु 10 नये एकीकृत (यूनिटाईज्ड) सब-स्टेशन स्थापित किये गये हैं। प्रणाली में विश्वसनीयता बनाये रखने के लिये नये सब-स्टेशनों को ऊर्जा प्रदान करने हेतु 33केवी एवं 66केवी की सम्भरण केबल का नया तन्त्र बिछाया गया है। निम्नदाब वितरण प्रणाली के संवर्धन हेतु विभिन्न सब-स्टेशनों पर 60 से अधिक ट्रांसफार्मर प्रतिस्थापित किये गये हैं।

आगामी वित्तीय वर्ष में हम संजय कैम्प, कांस्टीट्यूशन क्लब, कैवेंटर डेयरी एवं नेताजी नगर में 33केवी के चार नये सब-स्टेशनों की बढ़ोतरी करने जा रहे हैं। 11केवी के 12 सब-स्टेशन भी आरम्भ किये जायेंगे। यूनिट प्रणाली वाले 15 नये एकीकृत (यूनिटाईज्ड) सब-स्टेशन विभिन्न कालोनियों में संस्थापित किये जायेंगे।

मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हुई है कि आगामी वित्तीय वर्ष में इन उन्नयन कार्यों को पूर्ण किये जाने के उपरान्त न.दि.न.पा.परिषद् में विद्युतीय संरचना का एक सार्थक उन्नयन हो जायेगा एवं यह वर्ष 2021 तक की प्रायोजित ऊर्जा माँग को पूरा करने में समर्थ होगा।

## जलापूर्ति

गत् वर्ष घोषित काली बाड़ी मार्ग, सरदार पटेल मार्ग, गोल मार्किट में डाक्टर लेन, पूर्वी किदवई नगर एवं मोती बाग में बूस्टिंग व्यवस्थाओं के साथ भूमिगत जलाशय के निर्माण आदि जैसे विभिन्न कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। विभिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न व्यास के सी.आई.पाइपों के प्रतिस्थापन का कार्य प्रगति पर है।

हाल ही के अनुभवों से पता चला है कि आने वाले समय में पर्याप्त एवं बेहतर गुणवत्ता वाली जलापूर्ति की सुनिश्चितता अधिक से अधिक चुनौतीपूर्ण बनती जा रही है। इस पर विचार करते हुए हमने न.दि.न.पा.परिषद् क्षेत्र के निवासियों को चौबीसों घण्टे जलापूर्ति के प्रावधान के अंतिम लक्ष्य के साथ गैर

distribution levels. Three new 66 KV substations have been commissioned at B.D. Marg, Bapu Dham and State Guest house. One 33 KV substation has been commissioned at Raja Bazar. Together they have added 250 MVA transformation capacity in the system. Ten new unitized substations have been installed thereby augmenting the distribution capacity at the colony level. A new network of 33 KV and 66 KV feeder cables has been laid for energizing the new substations, thereby adding reliability to the system. More than 60 transformers have been replaced at different substations to augment LT distribution.

In the coming financial year we would be adding four new 33 KV substations at Sanjay Camp, Constitution club, Keventer Dairy and Netaji Nagar. Twelve 11 KV substations would also be commissioned. Fifteen new unitized substations would be installed in the various colonies.

It gives me great pleasure to announce that once these upgradation work are completed during the next financial year, the electricity infrastructure in NDMC will have undergone a substantial overhauling and would be capable of meeting projected load demand upto 2021.

**WATER SUPPLY**

Various initiatives announced last year like construction of underground tanks with boosting arrangements at Kali Bari Marg, S.P. Marg, Doctors Lane in Gole Market, East Kidwai Nagar and Moti Bagh have been completed. Replacement of C.I. Pipes of various diameters is in progress at various places.

Recent experiences have shown that ensuring adequate and good quality water supply is going to become more and more challenging in the coming years. Taking this into account we have planned an ambitious project for improvement of

राजस्व वाले जल में कटौती सहित जल रिसाव में कमी के द्वारा जल क्षेत्र में कसौटी सहित सेवा स्तर में सुधार हेतु एक महत्वांकाक्षी परियोजना की रूपरेखा तैयार की है।

हमनें आगामी वित्तीय वर्ष में भू-स्तर पर कार्य आरम्भ करने के लक्ष्य के साथ इस परियोजना के लिये परामर्शदाता को चुनने का कार्य आरम्भ कर दिया है। चूंकि यह एक बड़ी परियोजना होगी, अतः इस प्रयास में हमें शहरी विकास मंत्रालय सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा प्रोत्साहित किये जाने की अपेक्षा है।

**सीवर प्रणाली**

मुख्य सीवर लाइनों का बिना खुदाई तकनीक से पुनर्वास कार्य सतत् रूप से जारी है। हुमायूं रोड के 'क्यू प्वाइंट' से दयाल सिंह कॉलेज, अशोका रोड से 'क्यू प्वाइंट', हुमांयू रोड एवं भाई वीर सिंह मार्ग से संसद मार्ग तक सीवर लाईनों का पुनर्वास कार्य पूर्ण कर लिया गया है। तीन मूर्ति मार्ग से पृथ्वीराज रोड, त्यागराज मार्ग से 'क्यू प्वाइंट' हुमायूँ रोड एवं बड़ौदा हाउस से 'क्यू प्वाइंट', हुमायूँ रोड तक की सीवर लाइनों की सफाई एवं पुनर्वास का कार्य वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान आरम्भ किया जाएगा।

हम जल के पुनःचक्रण एवं पुनः उपयोग की दिशा में एक संक्रियात्मक सोच रखते हुए नेहरू पार्क, लोदी गार्डन एवं संजय पार्क सरोजिनी नगर में तीन उपचार संयंत्र स्थापित करना चाहते हैं।

**उद्यान**

न.दि.न.पा.परिषद् को अपने क्षेत्र में औसतन 45 प्रतिशत भू भाग पर हरीतिमा होने के साथ-साथ राजधानी का प्राणाधार होने पर गर्व है तथा इसका ध्यान सदैव सार्वजनिक स्थानों पर हरित कार्यों में सुधार एवं उन्नयन पर केन्द्रित रहता है। वर्ष 2010-11 में मार्ग सौन्दर्यीकरण, गमलों में पौधों को विभिन्न स्थलों पर रखने के कार्य के साथ सार्वजनिक हरीतिमा के उन्नयन के प्रयास का लक्ष्य रखा गया था। सरोजिनी नगर में राष्ट्रमण्डल खेल स्मारक पार्क संक्रियात्मक हो चुका है तथा आगन्तुकों के मध्य अत्यन्त लोकप्रिय है। न.दि.न.पा.परिषद् का बागवानी विद्यालय शीघ्र ही आरम्भ हो जाएगा तथा सार्वजनिक हरीतिमा सहित उद्यान क्षेत्र में अपने

service level bench marks in the water sector through reduction in leakages and also reduction in non revenue water with the ultimate goal of providing 24x7 water supply to the residents of NDMC area.

We have started the exercise of identifying the consultant for this project with the target to start work on ground in the coming financial year. Since this is going to be a big project we expect the support of MOUD & GNCTD in this endeavor.

**SEWERAGE**

The rehabilitation of trunk sewer lines through the use of no dig technology continues. The rehabilitation work from 'Q' point Humayun Road to Dayal Singh College, from Ashoka Road to 'Q' point Humayun Road and from Bhai Veer Singh Marg to Parliament Street have been completed. Desilting and rehabilitation of sewer lines from Teen Murti Marg to Prithvi Raj Road, from Tyagraj Marg to 'Q' point Humayun Road and from Baroda House to 'Q' Point Humayun Road will be taken up during the financial year 2011-12.

Again taking a proactive approach towards the recycle and reuse of water we intend to start by setting up tertiary treatment plants at Nehru Park, Lodhi Garden and Sanjay Park, Sarojini Nagar.

**HORTICULTURE**

NDMC is proud to be the green lung of the capital city with approximately 45% of its area under green cover. Improvement and upgradation of public greens remains a focus area. The year 2010-11 was marked by a massive effort of upgradation of public green through initiatives like streetscaping, raising of potted plants and planting them in various locations. The Commonwealth Games commemorative park at Sarojini Nagar has now become operational and is very

ज्ञान के प्रसार हेतु एक केन्द्र के रूप में कार्य करेगा । चाणक्यपुरी में बोगनवेलिया उद्यान भी विकसित हो रहा है तथा इसे आगामी वर्ष के दौरान जन-साधारण के लिये खोल दिया जाएगा। इस वर्ष से हमारा उद्यान क्षेत्र में बेहतर अभ्यास के प्रसार सहित एक स्वरूप प्रदान करने के लिये अपने उद्यानों में से एक उद्यान में प्रतिवर्ष एक वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी आरम्भ करने का प्रस्ताव है।

## जनस्वास्थ्य एवं सफाई

जैसाकि गत वर्ष घोषित किया गया था, 42 जनशौचालयों का उन्नयन किया गया है तथा न.दि.न.पा.परिषद् के विभिन्न क्षेत्रों में 23 नये जनशौचालयों का निर्माण किया गया है।

ओखला स्थित कूड़े से ऊर्जा उत्पादन का संयंत्र इस वर्ष के दौरान कार्य करना आरम्भ कर देगा। इससे कूड़ा निपटान की समस्या को लम्बे समय तक सुलझाया जा सकेगा।

## शिक्षा

जैसाकि आप जानते हैं, हमने नवयुग विद्यालयों सहित परिषद् के सभी विद्यालयों में शिक्षा प्रदान करने की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष ध्यान दिया है। मैंने गत वर्ष के भाषण में पहले ही जैसाकि सूचित किया था, हमारे आठ नवयुग विद्यालयों को शिक्षा एवं प्रशिक्षण की राष्ट्रीय गुणवत्ता परिषद् द्वारा सर्वमान्य गुणवत्ता प्रमाण-पत्र दिया गया है। वर्ष 2010-11 के दौरान तीन अन्य विद्यालयों को सर्वमान्य गुणवत्ता प्रमाण-पत्र दिये गये हैं। यह कहना अनावश्यक है कि यह हमारे विद्यालयों के लिये अत्यन्त सम्मान का विषय है।

गत वर्ष घोषित 'लक्ष्य' योजना भी आरम्भ हो चुकी है। विभिन्न विद्यालयों से 70 विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग की विभिन्न प्रवेश परिक्षाओं में बैठने के लिये सघन रूप से प्रशिक्षित किया गया है। हम इस योजना का आगामी शैक्षणिक स्तर से चिकित्सा प्रवेश परीक्षा के लिये भी प्रशिक्षण आरम्भ करते हुए विस्तार करना चाहते हैं। गत वर्ष घोषित अनुसार 'बाला' योजना का अन्य 54 विद्यालय भवनों में विस्तार कर दिया गया है ।

popular amongst the visitors. The NDMC school of gardening will become operational soon and will function as a centre for dissemination of knowledge in the field of horticulture and awareness about public greens. The Bougainvillea garden in Chanakyapuri is also taking shape and will be opened during the coming financial year. From this year onwards we propose to start an annual flower show in one of our gardens to bring together and disseminate the best practices in horticulture.

## PUBLIC HEALTH & SANITATION

As announced last year 42 public toilet units have been upgraded and 23 new public toilet units have been constructed in various areas of NDMC.

The waste to energy plant at Okhla will be commissioned during this year. This would go a long way in handling the problem of garbage disposal.

## EDUCATION

As you are aware we have paid special attention to improvement in quality of education delivery in our schools both Navyug and NDMC. As I had already informed in my last year's speech that eight of our Navyug Schools have been granted accreditation by the National Accreditation Board for Education and Training (NABET). Three more schools were granted accreditation during 2010-11. Needless to say this is a great honour and recognition for our schools.

The 'Lakshya' scheme that was announced last year has also started, seventy students from various schools are being intensively trained for appearing in various Engineering entrance examinations. We intend to extend this scheme for medical entrance examination and commence training from the next academic session. As announced last year the BALA (Building As a Learning Aid) scheme has been extended to 54 school buildings.

## सूचना प्रौद्योगिकी

न.दि.न.पा.परिषद् विभिन्न विभागों में एक सशक्त ई-गर्वनेस कार्यक्रम स्थापित करने हेतु प्रयासरत है। इस कार्य से नागरिकों को अधिक दक्ष सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ इसके कार्यप्रणाली में पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी।

वर्ष 2010-11 के दौरान एक आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण ग्राहक सेवा सह-बिलिंग प्रणाली, मीटर आँकड़े प्रबन्धन, कार्य एवं सम्पत्ति प्रबन्धन, व्यापक पूर्वानुमान एवं चल कार्य बल प्रबन्धन सहित विद्युत क्षेत्र के संक्रियात्मक मशीनीकरण हेतु एक वृह्द् परियोजना आरम्भ की गई  है। ग्राहक सेवा एवं बिल प्रणाली केन्द्र द्वारा विद्युत एवं जल बिलों का अधिक शुद्धता से कार्य निष्पादन होगा जिसके कारण पुराने बिलों पर कम समय लगेगा तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों में उल्लेखनीय रूप से कमी आयेगी। मीटर आँकड़ा प्रबन्धन द्वारा मीटर पठन की त्रुटियों में कमी होगी तथा शुद्ध पठन निष्पादित किया जाएगा। कार्य एवं संपत्ति प्रबन्धन परिसम्पत्तियों के प्रबन्धन की लागत को कम करेगा तथा आपूर्ति एवं भंडार प्रबन्धन प्रणाली को अधिक सुचारू रूप में निर्धारित करेगा। ये सभी व्यवस्थाएं आगामी चार से छः मास के भीतर कार्य करना आरम्भ कर देंगी।

गत वर्ष की गई घोषणा के अनुसार हमने प्रथम चरण में शिक्षा एकीकरण परियोजना, 34 विद्यालयों में ''विद्यालय विशेषज्ञ प्रणाली'' के रूप में आरम्भ कर दी है। यह विद्यालयों के लिये स्मार्ट कार्ड आधारित ई-गर्वनेस प्रणाली है जो विद्यालय प्रशासन के साथ-साथ विद्यार्थियों हेतु भी लाभदायक होगी। प्रशासन लिखित कार्यों में कमी, मध्याह्न भोजन योजना के अधिक दक्ष प्रबन्धन, विद्यार्थियों की अधिक शुद्ध भावी रूपरेखा, प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तिगत अपेक्षाओं सहित विशिष्ट कमियों तक पहुँच के द्वारा लाभान्वित होगा। विद्यार्थी स्मार्ट कार्ड के माध्यम से विद्यालय की विभिन्न सुविधाओं को प्राप्त कर सकेंगे। हम वर्ष 2011-12 के दौरान शेष 43 विद्यालयों में इस योजना का विस्तार करने जा रहें हैं।

## INFORMATION TECHNOLOGY

NDMC is making continuous efforts to set in place a robust e-governance platform in various departments. This would go a long way to provide more efficient services to the citizens and also ensure transparency in its working.

During the year 2010-11 a major project for the operational automation of the electricity sector comprising a state of art customer care and billing system, meter data management, work and asset management, broad forecasting and mobile work force management has been launched. The Customer care and billing system will handle electricity and water billing more accurately, will enable time of use billing and help reduce consumer grievances substantially. The meter data management will reduce errors in meter reading and carry out accurate estimations. The work and assets management will reduce the cost of managing assets and will set in place a more streamlined procurement and stores management systems. All these modules would start working in the next four to six months.

As announced last year we have also launched the Educational Integration Project known as the “School Experts System” in 34 schools in the first phase. This is a smart card based e-governance system for the schools which would be beneficial for both the school administration and students. The administration will be benefited through reduction in paper work, more efficient management of mid day meals, more accurate profiling of students, accessing specific gaps and requirement of each individual student. The student will get access to various school facilities through a smart card. We will be extending the scheme to the remaining 43 schools in the phase-II, during 2011-12.

मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता एवं गर्व का अनुभव हो रहा है कि ऐसी महत्वाकांक्षी परियोजना देश के केवल कुछ प्रमुख विद्यालयों में आरम्भ की गई है तथा नगरपालिका/सरकारी विद्यालयों में यह सम्भवतः अपनी तरह की प्रथम परियोजना है।

प्रत्यक्ष एवं भूमिगत परिसम्पत्तियों के प्रबन्धन सहित मानचित्रण हेतु भूगर्भीय सूचना प्रणाली प्लेटफार्म प्रगति कर रहा है एवं वास्तविक भू–सर्वेक्षण का कार्य आगामी तीन मासों में पूर्ण कर लिया जाएगा। इनका भूगर्भीय सूचना प्रणाली प्लेटफार्म पर मानचित्रण किया गया है, जिससे कि विभिन्न विभागों को एक दक्ष प्रबन्धन औजार के रूप में इसका उपयोग करने की स्वीकृति होगी।

**नई दिल्ली सिटी सेंटर – सभागार**

यह सब आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन न.दि.न.पा.परिषद् के शिखर पर वास्तविक सितारे की भान्ति है एवं नई दिल्ली सिटी सेंटर कॉम्पलेक्स की परिकल्पना को पूर्ण करता है। इस गरिमापूर्ण सभागार में भूतल पर 300 कुर्सियों का सर्व सुविधायुक्त एक प्रेक्षागृह एवं प्रथम तल पर विभिन्न आकारों के छः सम्मेलन कक्ष हैं। ये सुविधाएं व्यवसायिक सम्मेलन, सेमिनार एवं बैठकों के आयोजन हेतु आदर्श है। इन सुविधाओं का उद्घाटन भारत सरकार के माननीय गृहमंत्री के द्वारा 13 दिसम्बर, 2010 को किया गया था। यह अब आरक्षण के लिये खुला है तथा इसके प्रारम्भ होने से ही आरक्षण हेतु अत्यधिक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है।

**बारातघरों एवं सामुदायिक केन्द्रों का उन्नयन**

बारातघरों एवं सामुदायिक केन्द्रों के उन्नयन की परियोजना अत्यन्त सफल एवं परिषद् द्वारा निष्पादित सराहनीय परियोजना है। गत वर्ष के दौरान मोती बाग, लोदी कालोनी, नेताजी नगर एवं खान मार्किट के बारातघरों के उन्नयन का कार्य पूर्ण किया गया था। इस वर्ष हम मंदिर मार्ग, सरोजिनी नगर एवं लक्ष्मीबाई नगर के बारातघरों के उन्नयन का कार्य पूर्ण करने जा रहे हैं। इसके साथ ही नदिनप क्षेत्र के सभी मुख्य बारातघर नागरिकों के लिये वहनीय दरों पर नगर के केन्द्र स्थलों में पूर्ण वातानुकूलित आधुनिक बैंकेटहॉल सुविधाएं प्रदान करेंगे।

I am happy and proud to say that such an ambitious project has been undertaken by only a few of the premier schools in the country and is perhaps the first of its kind in a Municipal/Government School.

The GIS platform for mapping and management of visible and underground assets is progressing and the actual ground survey will be completed in another three months. These are being mapped on the GIS platform which would allow the various departments to use it as an efficient management tool.

**NEW DELHI CITY CENTRE- CONVENTION CENTRE**

This state of art building is a true feather in the cap of NDMC and completes the originally envisaged New Delhi City Centre Complex. The Convention Centre boasts of a three hundred seater state of art auditorium on the ground floor and six conference halls of various sizes at the first floor. These facilities are ideal for hosting business conferences, seminars and meetings. The facility was inaugurated by Hon'ble Home Minster, Govt. of India on 13th December, 2010. It is now open for bookings and has received a tremendous response ever since its opening.

**UPGRADATION OF BARAT GHARS AND COMMUNITY CENTRES**

The Barat Ghar and Community Centre upgradation project is a very successful and appreciated project undertaken by NDMC. Upgradation of Barat Ghar at Moti Bagh, Lodhi Colony, Netaji Nagar & Khan Market were completed during the last year. This year we would be completing the upgradation of Barat Ghars at Mandir Marg, Sarojini Nagar and Laxmi Bai Nagar. With this all the major barat ghars in NDMC area will provide a fully air conditioned modern banqueting facility in the heart of the city at affordable rates to the citizens.

आगामी कदम के रूप में हमने आवासीय कालोनियों में सामुदायिक केन्द्रों के उन्नयन का कार्य आरम्भ किया है। जोर बाग में सामुदायिक केन्द्र के उन्नयन का कार्य प्रगति पर है तथा जून, 2011 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मालचा मार्ग एवं बाबर रोड के सामुदायिक केन्द्रों के उन्नयन का कार्य वर्ष 2011-12 में आरम्भ किया जाएगा।

लक्ष्मीबाई नगर में एकीकृत खेल परिसर के निर्माण कार्य को भी वर्ष 2011-12 के दौरान पूर्ण किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**पालिका परिषद् मार्किटों एवं वाणिज्यिक कॉम्पलेक्सों का उन्नयन**

जैसाकि आप जानते हैं कि परिषद् ने पालिका मार्किटों के बाह्य स्वरूप में सुधार सहित सेवाओं के उन्नयन की एक परियोजना चरणबद्ध रूप में निष्पादित की है। मुझे यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि गत तीन वर्षों में हमने सफलतापूर्वक न.दि.न.पा.परिषद् क्षेत्र में नगरपालिका की सभी प्रमुख मार्किटों का उन्नयन कार्य पूर्ण कर लिया है। लोदी रोड मार्किट, शंकर मार्किट, बसरूरकर मार्किट, बेगम ज़ैदी मार्किट, नेताजी नगर मार्किट, नौरौजी नगर मार्किट, किदवई नगर मार्किट (दक्षिणी एवं सेन्ट्रल) के उन्नयन का कार्य वर्ष 2010-11 के दौरान पूर्ण कर लिया गया है। पालिका बाजार के उन्नयन का कार्य करीब-करीब पूर्ण हो चुका है।

गत वर्ष के आश्वासन के अनुसार चाणक्य भवन, यशवन्त प्लेस, पालिका भवन, चन्द्रलोक भवन एवं मोहन सिंह प्लेस जैसे विभिन्न वाणिज्यिक कॉम्पलेक्सों के पुर्नवास, बाह्य स्वरूप में सुधार एवं सेवाओं के उन्नयन संबंधी कार्य वर्ष 2010-11 के दौरान पूर्ण कर लिये गये हैं।

**चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं**

विद्यालयों में गुणवत्ता सुधार परियोजना की सफलता से प्रोत्साहित होकर हमने समान प्रकृति की परियोजना अपने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में भी आरम्भ की है । इस परियोजना का लक्ष्य न.दि.न.पा.परिषद् के चिकित्सालयों, मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्रों एवं औषधालयों में चिकित्सालय मानकों के लिये संगत राष्ट्रीय गुणवत्ता परिषद् के साथ सक्षमता निर्माण एवं संरचना उन्नयन के माध्यम से गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम निष्पादित किया जाना है।

As a step forward we have started the upgradation of the community centers in the residential colonies. The upgradation of community centre at Jor Bagh is progressing and will be completed by June, 2011. The upgradation of Community centre at Malcha Marg and Babar Road will be taken up during 2011-12.

The construction of integrated Sports Complex at Laxmi Bai Nagar is also targeted to be completed during 2011-12.

## UPGRADATION OF MUNICIPAL MARKETS & COMMERCIAL COMPLEXES

As you are aware the Council has undertaken a project for facade improvement and service upgradation of the municipal markets in a phased manner. I am happy to announce that in the last three years we have successfully upgraded almost all the major municipal markets in NDMC area. Upgradation work of Lodhi Road market, Shankar market, Basrurkar market, Begam Zaidi market, Netaji Nagar market, Nauroji Nagar market, Kidwai Nagar Market (South & Central) have been completed during 2010-11. The upgradation work of Palika Bazar is almost complete.

As promised last year the rehabilitation, facade improvement and service upgradation of various commercial complexes viz Chanakya Bhawan, Yashwant Place, Palika Bhawan, Chanderlok Building and Mohan Singh Place have been completed during 2010-11.

## MEDICAL AND HEALTH SERVICES

Encouraged by the success of the quality improvement project in the schools we have launched a similar project in our Medical & Health Deptt. The aim of this project is to carry out quality assurance programme across the dispensaries, MCW Centres and hospitals of NDMC through capacity building and infrastructure upgradation, for complying with the relevant National Accreditation Board for Hospital (NABH) standards.

राष्ट्रीय चिकित्सालय मानक गुणवत्ता परिषद् के साथ मई, 2010 में अनुबंध निष्पादित किया गया था। अन्तराल विश्लेषण पूर्ण किया जा चुका है तथा चिकित्सकों, नर्सों एवं सह-चिकित्सा कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण कर लिया गया है। हमारी आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान गुणवत्ता मानकों तक पहुँचने की अभिलाषा है।

हमारे चिकित्सालयों में सुविधाओं का निरन्तर रूप से उन्नयन किया जाना है। पालिका प्रसूति चिकित्सालय में एक हिस्टोस्कोपी मशीन संस्थापित की गई है एवं श्वास सम्बन्धी आपात स्थितियों की देखरेख हेतु चरक पालिका चिकित्सालय एवं पालिका प्रसूति चिकित्सालय में वेंटीलेटर संस्थापित किये गये हैं। आगामी वित्तीय वर्ष में हम अल्ट्रा सोनोग्राफी विभाग को प्रोन्नत करना चाहते हैं।

नये चिकित्सालय कॉम्पलेक्स हेतु परियोजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं परामर्शदाता की नियुक्ति कर दी गई है। यह आशा की जाती है कि निर्माण कार्य आगामी वित्त वर्ष के दौरान आरम्भ हो जाना चाहिए बशर्ते कि सभी अनापत्तियाँ प्राप्त हो जाएं।

**<u>कर्मचारी कल्याण</u>**

न.दि.न.पा.परिषद् की उपलब्धियों पर इस प्रकार गर्व करना इसके कर्मचारियों द्वारा कठिन परिश्रम सहित समर्पित भावना के बिना संभव नहीं हो पाता। यह और भी शानदार रूप में प्रकट हुआ, जब न.दि.न.पा.परिषद् के कर्मचारियों ने राष्ट्रमंडल खेल 2010 की तैयारी के लिये अपना-अपना बेहतर योगदान दिया। मैं परिषद् की ओर से उनके व्यापक और अथक प्रयासों की तहेदिल से सराहना करता हूँ।

कर्मचारियों को सुविधाजनक आवास स्थितियॉं प्रदान करने के लिये विभिन्न आवासीय कॉम्पलेक्सों का उन्नयन का कार्य आरम्भ किया गया है। ये कार्य आगामी वित्तीय वर्ष के दौरान भी जारी रहेंगे।

आधुनिक प्रशासन की चुनौतियों को पूरा करने हेतु कर्मचारियों को तैयार करने के लिये 'ग' एवं 'घ' श्रेणी के कर्मचारियों को विशेष कौशल सुधार प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

The agreement with NABH was signed in May, 2010. The gap analysis has been completed and the training programme of doctors, nurses and paramedics have been completed. We aspire to reach the accreditation standards during the coming financial year.

The facilities in our hospitals continue to be upgraded. Hystoscopy machines have been installed in Palika Maternity Hospital and Ventilators have been installed in Charak Palika Hospital and Palika Maternity Hospital for taking care of respiratory emergencies. In the coming financial year we intend to upgrade the ultra sonography department.

The project for construction of new hospital complex is progressing and the consultant has been appointed. It is hoped that the construction work should start during the next financial year subject to all clearances being available.

**STAFF WELFARE**

The achievements of NDMC that we are so proud of would not be possible without the commitment and hard work of its employees. This was manifested brilliantly in the manner in which the employees of NDMC gave their best effort towards the preparation of the Commonwealth Games-2010. I place on record the sincere appreciation of the Council for their tireless and tremendous efforts.

In order to provide comfortable living conditions to the employees the upgradation of various housing complexes have been undertaken. These would continue during the next financial year.

To equip employees to meet the challenges of modern day administration it has been decided to provide special skill improvement training to Group C & D employees.

**अग्नि सुरक्षा**

हम सभी पालिका भवनों को अग्निशमन उपकरणों से सज्जित करने के प्रयास जारी रखेंगे। 51 विद्यालय परिसरों में अग्नि सुरक्षा के उपकरण संस्थापित किये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके कार्यान्वयन से 40 विद्यालय परिसरों को दिल्ली अग्निशमन सेवा से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया है। अग्नि सुरक्षा प्रणाली का शहीद भगतसिंह प्लेस कॉम्पलेक्स में भी प्रावधान किया गया है।

हमारे एक पूर्णरूपेण सज्जित आपदा प्रबन्धन संरचना के सृजन की दिशा में प्रयास फलदायी सिद्ध हुए हैं एवं हुमायूं रोड पर एक नये आपदा प्रबन्धन केन्द्र का निर्माण किया गया है। यह नई दिल्ली जिला क्षेत्र में एकल आपदा प्रबन्धन केन्द्र है। हमने किसी आपदा के समय अपेक्षित आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित आपदा सहायक वाहन भी प्राप्त किया है। हमने कार्बनडाईऑक्साईड, फोम, डीसीपी एवं जल प्रणाली रखने वाली मशीनयुक्त एक बहुउद्देशीय अग्निशमन वाहन को भी प्राप्त किया है।

**विभिन्न सहभागियों के साथ तालमेल**

यह हमारे द्वारा हाल ही में आरम्भ किया गया नया प्रयास है। एक संक्रियात्मक सोच के साथ हमने आवासीय कल्याण संगठनों एवं मार्किट ट्रेडर्स संगठनों जैसे विभिन्न संगठनों को परिषद् से उनकी अपेक्षाओं तथा उनकी अपेक्षाओं की प्रतिपूर्ति के तरीकों को ढूंढने के लिये बातचीत करना आरम्भ कर दिया है।

**राजस्व प्रस्ताव**

**सम्पत्ति कर**

वर्ष 2010-11 के लिये संशोधित अनुमान ₹ 238.50 करोड़ है एवं वर्ष 2011-12 के लिये बजट अनुमान ₹ 247.00 करोड़ रखा गया है।

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान विभाग ने एक अनन्य निपटान योजना के अन्तर्गत 400 से अधिक मामलों का निपटान किया है। इसके परिणामस्वरूप काफी समय से लंबित पुराने विवादों की संख्या में अत्यधिक कमी आई है।

## FIRE SAFETY

We continue our efforts to equip all our Municipal Buildings with fire fighting infrastructure. Fire safety installation and provisions have been made available in 51 school buildings. Pursuant to this, forty school buildings have been granted NOC from Delhi Fire Service. Fire Safety systems have been provided in SBS Place complex.

Our effort towards creating a well-equipped Disaster Management infrastructure has borne fruit and a new Disaster Management Centre has been constructed at Humayun Road. This is the only Disaster Management Centre in the New Delhi District. We have also procured a disaster response vehicle equipped with modern equipments needed in the time of any disaster. We have also procured a multipurpose fire tender having $CO_2$, foam, DCP and water system in one machine.

## REACHING OUT TO THE VARIOUS STAKEHOLDERS

This is a new initiative that we have started recently. Following a proactive approach we have started engaging the various stakeholders like the Resident Welfare Associations and the Market Traders Association to understand their expectation from the Council and finding ways and means of fulfilling those expectations.

## REVENUE PROPOSALS

## PROPERTY TAX

The Revised Estimates for 2010-11 stand at ₹ 238.50 crores and the Budget Estimate for the year 2011-12 has been kept at ₹ 247.00 crores.

During the financial year 2010-11 the department settled more than 400 cases under one time settlement scheme. As a result the number of long pending disputes has come down drastically.

सम्पत्ति कर की वसूली के लिये सम्पत्तियों के मूल्यांकन को तर्कसंगत बनाने के लिये भूमिगत तल के स्थल घटक को कम करने जैसे विभिन्न कार्यों सहित दिनांक 1.4.2009 से लागू किये गये नये वार्षिक किराया उपनियमों की जनता द्वारा अत्यधिक सराहना की गई है एवं इसका परिणाम कर का बेहतर अनुपालन रहा है। हम ₹ 5 लाख तक की राशि के कर योग्य मूल्य वाले करदाताओं को 50 प्रतिशत छूट देने के इच्छुक हैं।

**<u>लाइसेंस शुल्क</u>**

हमने बकायों की समाप्ति हेतु एक अनन्य निपटान योजना आरम्भ की है। 160 के आसपास मामलों का निपटान करते हुए ₹ 5 करोड़ से अधिक की राशि वसूल की गई है। वर्ष 2010-11 के संशोधित अनुमान हेतु ₹ 244.61 करोड़ एवं वर्ष 2011-12 के बजट अनुमान में ₹ 244.56 करोड़ का लाइसेंस शुल्क प्रायोजित किया गया है।

**<u>विद्युत वितरण</u>**

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने एक अत्यन्त दक्ष ऊर्जा वितरण लाइसेंसधारी के रूप में अपना स्तर बनाये रखा है। वर्तमान में उपलब्ध कुल ऊर्जा व्यस्ततम समय में ऊर्जा मॉग को पूरा करने में समर्थ नहीं हैं। मैसर्स पॉवर ट्रेडिंग कारपोरेशन (इंडिया) लि0 के साथ किया गया अनुबन्ध अपेक्षाओं को पूरा करने में हमारी सहायता करेगा। यह अल्पावधि की आधिक्य ऊर्जा के दक्ष प्रबन्धन में भी हमारी सहायता करेगा। हम इस व्यवस्था को आगे बनाये रखना चाहते हैं। वर्ष 2010-11 के संशोधित अनुमान में विद्युत बिक्री से ₹ 609.92 करोड़ एवं वर्ष 2011-12 के बजट अनुमान में ₹ 699.92 करोड़ की कुल आय प्रायोजित की गई है।

**<u>जलापूर्ति से आय</u>**

शुल्क दरों को तर्कसंगत करने के साथ-साथ बढ़ती मीटरगणना के कारण जलापूर्ति से आय निरन्तर बढ़ रही है। वर्ष 2010-11 के बजट अनुमान में ₹ 60 करोड़ की तुलना में वर्ष 2010-11 के संशोधित अनुमान में ₹ 89 करोड़ तथा वर्ष 2011-12 के बजट अनुमान में ₹ 145 करोड़ की राशि रखी गयी है।

मैं अब माननीय सदस्यों के समक्ष बजट का विवरण प्रस्तुत करता हूँ। इस पर एक प्रस्तुतीकरण न.दि.न.पा.परिषद् के वित्तीय परामर्शदाता द्वारा दिया जाएगा।

Various initiatives such as reducing the location factor of basement to rationalize the valuation of properties for levy of property tax and the new annual rent byelaws introduced from 01.04.2009 have been greatly appreciated and it has resulted in better tax compliance. We intend to give 50% rebate to the tax payers having ratable value up to ₹ 5 lakh.

**LICENCE FEE**

We introduced a one time settlement scheme to liquidate the arrears. Around 160 cases have been settled realizing more than ₹ 5 Crore. The projections of licence fee for RE 2010-11 is at ₹ 244.61 Crores and ₹ 244.56 Crores in BE 2011-12.

**ELECTRICITY DISTRIBUTION**

NDMC has maintained its status as one of the most efficient power distribution licencee. At present the total power available is not able to meet the peak requirement. The agreement with M/s Power Trading Corporation (India) Ltd. helps us in meeting the requirement. It also helps us in efficient management of short term surplus power. We intend to continue with this arrangement further. The total receipts from the sale of electricity in RE 2010-11 is projected at ₹ 609.92 crores and in BE 2011-12 at ₹ 699.92 crores.

**RECEIPTS FROM WATER SUPPLY**

Due to rationalization of tariff rates and increased metering the receipts from water supply are increasing constantly. As against the BE of ₹ 60 crores in 2010-11 the RE 2010-11 has been kept at ₹ 89 crores and BE 2011-12 has been kept at ₹ 145 crore.

I now place the details of the Budget before the Honorable Members. A presentation thereon would be made by the Financial Advisor, NDMC.

मैं माननीय उपाध्यक्ष, माननीय विधायक एवं परिषद् के अन्य सदस्यों का उनके द्वारा दिये गये सकारात्मक समर्थन एवं सुझावों के लिये धन्यवाद देता हूॅं। मैं माननीय उपराज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं शहरी विकास मंत्रालय से प्राप्त सहयोग एवं पथ प्रदर्शन के लिये अपनी कृतज्ञता प्रस्तुत करना चाहूँगा।

मैं अब सभी सहयोगी संगठनों को शुभकामनाएँ देता हूँ तथा वृहदारण्यक उपनिषद् के निम्नलिखित उद्धरण से समाप्त करता हूँ –

**सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय ।**

**सर्वे भद्राणिपश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग भवेत् ।।**

..................................

I thank the Honorable Vice-Chairperson, Honorable MLA and other Members of the Council for their constructive support and suggestions. I would also like to place on record my gratitude for the guidance and support received from Honorable Lt. Governor, Honorable Chief Minister, the Ministry of Home Affairs, Government of India and the Ministry of Urban Development, Government of India.

I now conclude by wishing the best to all stake holders and I quote from Brihadaaranyaka Upanishad

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय ।
सर्वे भद्राणिपश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग भवेत् ।।

*[May everyone be happy, may everyone be free from all diseases.*
*May everyone see goodness in everything, may none be distressed.]*

…………………………...